राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

नारायणलाल / बख्तावर

तारीख हुक्म	130/2019 हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30/3/22	पत्रावली प्रस्तुत हुई। पक्षकारान ने अपने अभिभाषकगणों के साथ उपस्थित होकर राजीनामा अनुसार प्रकरण के निस्तारण का निवेदन किया। अत: पक्षकारान एवं अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस पर मनन किया एवं पत्रावली व प्रस्तुत प्रार्थना पत्र राजीनामे का अवलोकन किया। पक्षकारान राजीनामा अनुसार प्रकरण को निस्तारण कराये जाने हेतु सहमत है एवं इस हेतु पक्षकारान एवं उनके अभिभाषकगणों द्वारा निर्णय व डिक्री जैर अपील में आंशिक संशोधन चाहते हुये प्रार्थना पत्र राजीनामे के अंकित अनुसार प्रकरण का निस्तारण किये जाने का निवेदन किया गया। अत: प्रकरण का गुणावगुण पर परीक्षण किये बगैर मात्र उभयपक्षों की सहमती/राजीनामा के आधार पर पुन: निर्णय व डिक्री पारित करने हेतु मूल प्रार्थना पत्र राजीनामा अधीनस्थ न्यायालय को प्रेषित करते हुये प्रकरण अधीनस्थ न्यायालय को इन निर्देशों के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है कि वे प्रार्थना पत्र राजीनामा के सन्दर्भ में पक्षकारान की समुचित सुनवाई कर राजीनामा अनुसार पुन: संशोधित निर्णय व डिक्री पारित करे। तदनुसार अपील अपीलार्थीगण राजीनामा अनुसार निस्तारित की जाकर पत्रावली राजीनामा अनुसार निर्णय हेतु अधीनस्थ न्यायालय को प्रतिप्रेषित की जाती है। मूल राजीनामा अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली के साथ अधीनस्थ न्यायालय को प्रेषित हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश खुले न्यायालय में सुनाया गया। Sd/- 4/22 राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर	